Title: * Need to provide financial assistance to Government of Goa to mitigate hardship being faced by people due to floods.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पणजी (गोवा) के तीन-चार विधान सभा क्षेत्रों में जून महीने में आई अचानक बाढ़ के कारण करीब 170 घर पूरी तरह से बाढ़ में डूब गये और टूट गये और करीब 100 घरों को आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। बाढ़ आने का प्रमुख कारण ज्यादा वर्षा था जिससे नदी में खानों से निकली मिट्टी भर गई और पानी बाजारों एवं घरों में घुस गया, लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यहां के खनिज निर्यात से सरकार को लगभग 800 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है, लेकिन सरकार इस में से प्रतिवर्ष कुछ भी गोवा को नहीं देती है।

अत: मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि सरकार गोवा की बाढ़ की समस्या को ध्यान में रखते हुए नदी से मिट्टी निकालने, सफाई करने तथा बाढ़ के स्थाई समाधान हेतु कम से कम 50 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता तुरन्त उपलब्ध कर राहत प्रदान करें।